मुद्रित पृष्ठों की संख्या 8

अनुक्रमांक ..............................

नाम ..............................

932

# 825(NX)

## 2020
## सामाजिक विज्ञान

*समय : तीन घण्टे 15 मिनट ]* *[ पूर्णांक : 70*

*नोट : प्रारम्भ के 15 मिनट परीक्षार्थियों को प्रश्नपत्र पढ़ने के लिए निर्धारित हैं।*

*निर्देश :*

1. *यह प्रश्नपत्र दो खण्डों 'क' एवं 'ख' में विभाजित है। प्रत्येक खण्ड के सभी प्रश्न एक साथ हल करना आवश्यक है। प्रत्येक खण्ड का उत्तर नए पृष्ठ से प्रारम्भ किया जाए।*
2. *प्रत्येक प्रश्न के लिए निर्धारित अंक उसके सम्मुख अंकित हैं।*
3. *प्रश्नपत्र में चार प्रकार के प्रश्न हैं – बहु-विकल्पीय, अति लघु-उत्तरीय, लघु-उत्तरीय व विस्तृत-उत्तरीय, जिनके सम्बन्ध में निर्देश उनके आरम्भ में दिए गए हैं।*
4. *'क' तथा 'ख' खण्डों हेतु दिए गए मानचित्रों को उत्तर-पुस्तिका में मजबूती के साथ संलग्न करना आवश्यक है।*
5. *दृष्टिबाधित परीक्षार्थियों के लिए मानचित्र-कार्य के स्थान पर अलग से खण्ड 'क' में प्रश्न संख्या-14 तथा खण्ड 'ख' में प्रश्न संख्या-28 के उत्तर लिखने के लिए दिए गए हैं।*



### खण्ड 'क'
### (बहुविकल्पीय प्रश्न)

निर्देश : नीचे दिये गये विकल्पों में से सही विकल्प चुनकर अपनी उत्तर-पुस्तिका में लिखिये।

1. 1848 की फ्रांसीसी राज्य क्रान्ति के फलस्वरूप : 1
   (क) निरंकुश राजतंत्र की स्थापना हुई।
   (ख) सीमित राजतंत्र की स्थापना हुई।
   (ग) सैन्य शासन की स्थापना हुई।
   (घ) गणतंत्र की स्थापना हुई।

2. महामन्दी का प्रारम्भ किस वर्ष हुआ ? 1
   (क) 1919 ई. (ख) 1924 ई.
   (ग) 1929 ई. (घ) 1934 ई.

3. 'वन्देमातरम्' गीत का लेखक कौन था ? 1
   (क) बंकिम चन्द्र चटर्जी
   (ख) रवीन्द्र नाथ टैगोर
   (ग) शरत चन्द्र चटर्जी
   (घ) अवीन्द्र नाथ टैगोर

4. पेरियार रामास्वामी नायकर कौन थे ? 1
   (क) वैज्ञानिक (ख) शिक्षाविद
   (ग) समाज सुधारक (घ) लेखक

5. धर्मनिरपेक्ष राज्य में : 1
   (क) धर्म का कोई स्थान नहीं
   (ख) एक राष्ट्र एक धर्म में विश्वास
   (ग) केवल बहुसंख्यक वर्ग के धर्म को मान्यता
   (घ) सभी धर्मों को समान समझना।



downloaded from StudentSuvidha.com

Download all NOTES and PAPERS at StudentSuvidha.com

6. भारत में पंचायती राज्य की स्थापना हुई थी : 1

(क) 1980 में
(ख) 1990 में
(ग) 1992 में
(घ) 2004 में।

(अति लघुउत्तरीय प्रश्न)

7. मार्टिन लूथर कौन था? उसका मुख्य योगदान क्या था? 1+1

8. भारत में पहली जूट मिल कहाँ स्थापित हुई थी? उसे किसने स्थापित किया था? 1+1

9. गुटेन्बर्ग का नाम क्यों प्रसिद्ध है? उसने पहली पुस्तक कौन सी छापी थी? 1+1

(लघु उत्तरीय प्रश्न)

10. नमक सत्याग्रह क्यों प्रारम्भ किया गया था? उसका संक्षिप्त विवरण दीजिये। 3

अथवा

रौलेट एक्ट क्या था? उसका विरोध कैसे किया गया? क्या परिणाम हुआ? 1+1+1

11. भारत में जाति प्रथा का राजनीति एवं समाज पर क्या प्रभाव पड़ा? 1½+1½

अथवा

राजनैतिक दल और दबाव समूह का अन्तर लिखिये। किन्हीं तीन बिन्दुओं पर प्रकाश डालिये। 1+1+1



(दीर्घ उत्तरीय प्रश्न)

12. असहयोग आन्दोलन क्यों प्रारम्भ किया गया? आन्दोलनकारियों के चार कार्य लिखिये। 2+4

अथवा

उन्नीसवीं शताब्दी में भारत से विदेश को श्रमिकों को क्यों ले जाया गया? ये श्रमिक अधिकतर किस प्रदेश के थे? उन्हें किस शर्त पर स्वदेश लौटने की छूट दी जाती थी? 2+2+2

13. अपने देश में महिलाओं को सामाजिक तथा राजनैतिक अधिकार दिये जाने के पक्ष में तीन तर्क दीजिए। क्या उन्हें किसी संवैधानिक संस्था में आरक्षण प्राप्त है? 1½+1½+1½+1½

अथवा

विधायकों तथा संसद सदस्यों को दलबदल करने से रोकने के लिये संविधान में संशोधन की आवश्यकता क्यों पड़ी? संविधान में क्या संशोधन किया गया? 3+3

(मानचित्र कार्य)

निर्देश : दिये गये मानचित्र में वांछित स्थानों को ⊙ चिह्न से दर्शाइए और नाम भी लिखिये। स्थान अंकित करने और नाम लिखने के लिए ½, ½ अंक निर्धारित हैं।

14. (i) वह स्थान जहां सितम्बर 1920 में कांग्रेस अधिवेशन हुआ। ½+½

(ii) वह स्थान जहाँ जलियांवाला बाग हत्याकाण्ड हुआ। ½+½



downloaded from StudentSuvidha.com

Download all NOTES and PAPERS at StudentSuvidha.com

(iii) वह स्थान जहाँ 1927 में कांग्रेस का अधिवेशन हुआ। ½+½

(iv) वह स्थान जहाँ सूती मिल श्रमिकों का सत्याग्रह हुआ। ½+½

(v) वह स्थान जहाँ 1929 में कांग्रेस का अधिवेशन हुआ। ½+½

**(केवल दृष्टिबाधित परीक्षार्थियों के लिए। मानचित्र–कार्य के विकल्प स्वरूप)**

14. (i) सितम्बर 1920 में कांग्रेस का अधिवेशन कहाँ हुआ था ? 1

(ii) जलियांवाला बाग हत्याकाण्ड कहां हुआ था ? 1

(iii) 1927 में कांग्रेस का अधिवेशन कहां हुआ था ? 1

(iv) सूती मिल श्रमिकों का सत्याग्रह कहां हुआ था ? 1

(v) 1929 में कांग्रेस का अधिवेशन कहां हुआ था ? 1

## खण्ड 'ख'

### (बहुविकल्पीय प्रश्न)

**निर्देश :** निम्नलिखित विकल्पों में से सही विकल्प चुनकर अपनी उत्तर–पुस्तिका में लिखिए।

15. निम्न में से कौन अजैवीय संसाधन है ? 1

(क) चट्टानें (ख) पशु
(ग) पौधे (घ) मछलियाँ

16. निम्न में से कौन खरीफ की फसल है ? 1

(क) चना (ख) धान
(ग) कपास (घ) ख तथा ग दोनों



17. एक वस्तु का अधिकांशतः प्राकृतिक प्रक्रिया से उत्पादन कहा जाता है : 1

(क) प्राथमिक क्षेत्रक
(ख) द्वितीयक क्षेत्रक
(ग) तृतीयक क्षेत्रक
(घ) सूचना प्रौद्योगिकी

18. झारखण्ड का कोडरमा अग्रणी उत्पादक है : 1

(क) अभ्रक का
(ख) लौह अयस्क का
(ग) ताँबा का
(घ) सोने का

19. पंजाब में भूमि निम्नीकरण का प्रमुख कारण है : 1

(क) खनन क्रिया
(ख) वनोत्मूलन
(ग) अत्यधिक सिंचाई
(घ) अति पशुचारण

20. निम्न में से किस राज्य की प्रति व्यक्ति आय सर्वाधिक है : 1

(क) हरियाणा
(ख) बिहार
(ग) राजस्थान
(घ) मेघालय

### (अति लघु उत्तरीय प्रश्न)

21. अर्थव्यवस्था के तृतीयक क्षेत्र से आप क्या समझते हैं ? कोई दो उदाहरण दीजिए। 1+½+½



StudentSuvidha.com
downloaded from
Download all NOTES and PAPERS at StudentSuvidha.com

22. कोई दो मानवीय क्रियाएं लिखिए जो भूमि निम्नीकरण के लिए उत्तरदायी हैं। 1+1

23. गरीबों के लिए स्वयं सहायता समूहों के कोई दो उद्देश्य लिखिए। 1+1

(लघु उत्तरीय प्रश्न)

24. अधात्विक खनिज किसे कहते हैं? ऐसे दो खनिजों के नाम लिखिए। 2+½+½

अथवा

ऊर्जा के गैर-परम्परागत स्रोत किसे कहते हैं? भारत में सौर-ऊर्जा का भविष्य कैसा है? 1+2

25. विकास प्रक्रिया में ऋण की भूमिका का विश्लेषण कीजिए। 3

अथवा

धारणीयता का विषय विकास के लिए क्यों आवश्यक है? 3

(दीर्घ उत्तरीय प्रश्न)

26. उद्योगों का एक संक्षिप्त वर्गीकरण प्रस्तुत कीजिए। 6

अथवा

भारत में संचार के साधनों का वर्णन कीजिए। 6

27. विदेश व्यापार विभिन्न देशों के बाजारों के एकीकरण में किस प्रकार सहायता करता है? संक्षेप में समझाइए। 6

अथवा

उपभोक्ता के अधिकारों की व्याख्या कीजिए। 6



(मानचित्र कार्य)

निर्देश : भारत के दिये गये मानचित्र में निम्नलिखित को दर्शाइए :

28. (i) नागार्जुन सागर बाँध ☐ चिह्न द्वारा नाम सहित। ½+½

(ii) कपास उत्पादन का एक क्षेत्र ⁘ चिह्न द्वारा नाम सहित। ½+½

(iii) बाक्साइट उत्पादन का एक क्षेत्र ++ चिह्न द्वारा नाम सहित। ½+½

(iv) हैदराबाद नगर ○ चिह्न द्वारा नाम सहित। ½+½

(v) ब्रह्मपुत्र नदी ∫ चिह्न द्वारा नाम सहित। ½+½

(केवल दृष्टिबाधित परीक्षार्थियों के लिये मानचित्र कार्य के विकल्प के रूप में)

निर्देश : निम्नलिखित प्रश्नों के उत्तर अपनी उत्तर-पुस्तिका में लिखिए। मानचित्र का प्रयोग न कीजिए।

28. (i) नागार्जुन सागर बाँध किस नदी पर बना है? 1

(ii) कपास उत्पादक दो राज्यों के नाम लिखिए। ½+½

(iii) बाक्साइट उत्पादक एक क्षेत्र का नाम लिखिए। 1

(iv) हैदराबाद नगर किस राज्य में है? 1

(v) ब्रह्मपुत्र नदी घाटी किस राज्य में है?



downloaded from StudentSuvidha.com
Download all NOTES and PAPERS at StudentSuvidha.com